मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत महिलाओं / बालिकाओं को किया जागरुक

कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर किया जा रहा सशक्त-एसपी

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में महिलाओं और बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शारदीय नवरात्रि पर्व से "मिशन शक्ति-05" की शुरुआत की गयी। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र से निम्न अभियान 90 दिवस तक चलाया जा रहे है। जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं-ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल।थाना हरदत्त नगर गिरंट के बीट पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक अनीस गौड़ महिला आरक्षी सरिता देवी, महिला आरक्षी सुषमा सिंह राठौर, महिला आरक्षी मनीषा शर्मा द्वारा मिर्जापुर चौराहा, नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती से महिला आरक्षी राधा राना व बीना के द्वारा स्वामी विवेकानंद शिक्षा सदन स्कूल पटना कोठार, थाना कोतवाली भिनगा के बीट पुलिस अधिकारी उ0नि0 नमिता सिंह, म0का0 अन्नपूर्णा के द्वारा कस्बा भिनगा, थाना सोनवा के बीट पुलिस अधिकारी उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ यादव एवं महिला उपनिरीक्षक शिल्पी, महिला आरक्षी मोनिका द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भीठिया चिचड़ी आदि अन्य स्थानों पर सभी बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड, गैस एजेंसी आदि स्थानो पर बीट पुलिस अधिकारियो व्दारा सी0सी0टी0वी0 कैमरो को चेक किया गया। तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जाकर विभिन्न पीड़िताओं से मुलाकात की गई। इस दौरान उन्होंने पीड़िताओं का हाल-चाल लिया और उन्हें हर समय सहायता का आश्वासन दिया। शक्ति दीदी ने पीड़िताओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को समझा और उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी।

किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के तहत चलाया जन जागरुकता अभियान

होटल ढाबो, उद्योगों पर चला सघन अभियान

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना AHTU मोहम्मद दानिश आजम मय पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली भिनगा अंतर्गत कस्बा भिनगा बाजार, थाना सिरसिया अंतर्गत गुलरा बाजार चिलरिया मोड तथा चौकी राजपुर मोड आदि जगहों पर कारखाना, होटल ढाबो, उद्योगों व ऑटोमोबाइल एजेंसीज पर सघन अभियान चलाया गया। साथ ही बाल श्रम मुक्त अभियान, बाल विवाह रोकथाम अभियान और मानव तस्करी विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन सभी स्थानों पर स्थानीय जनता को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, और बंधुआ मजदूरी के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई और महिला हेल्पलाइन नंबर को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया। इस दौरान बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, बंधुआ मजदूरी और नशा विरोधी संदेश भी जनसामान्य तक पहुंचाया गया अभियान के दौरान थाना ए0एच0टी0यू0 से प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद दानिश आजम उ0नि0 अर्चना सिंह,आरक्षी देवेंद्र कुमार मौर्य, महिला आरक्षी सरला अवस्थी महिला आरक्षी कंचन देवी तथा एनजीओ देहात इंडिया से युसूफ,तथा एनजीओ ग्रामीण बौद्ध सेवा कल्याण संस्थान से प्रेम बाबू गिरी व श्रवण कुमार आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।